भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 02.09.2025

आरेडिका के फोर्ज्ड व्हील प्लांट का 6446 व्हीलों की फोर्जिंग का नया कीर्तिमान

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में एमसीएफ फोर्ज्ड व्हील प्लांट ने अगस्त 2025 में उत्कृष्ट निर्माण उपलब्धियां अर्जित करते हुए एक माह में 6446 एलएचबी व्हीलों की फोर्जिंग, 5366 व्हीलों की मशीनिंग तथा 5215 व्हीलों को आउट टर्न किया।

इससे पूर्व मार्च 2025 में 5809 एलएचबी व्हीलों की फोर्जिंग की गई थी। अगस्त 2025 में 6446 एलएचबी व्हीलों की फोर्जिंग की गई जो मार्च 2025 की तुलना में लगभग 11 प्रतिशत अधिक है।

ये उपलब्धियां फोर्ज्ड व्हील प्लांट टीम की निष्ठा, परिश्रम और समर्पण को दर्शाती हैं और आत्मनिर्भर भारत एवं आत्मनिर्भर रेलवे निर्माण की दिशा में एमसीएफ की बढ़ती भूमिका को सुदृढ़ करती हैं।

महाप्रबन्धक महोदय ने बताया कि हम फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन को लगातार योजनाबद्ध तरीके से बढा रहें हैं और इस वित्त वर्ष में हमने 60000 से ज्यादा व्हीलों के उत्पादन की योजना बनायी है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमारे सभी कर्मचारी, अधिकारी एवं संविदाकर्मी दृढसंकल्पित हैं। पहले फोर्ज्ड व्हीलों को हम दूसरे देशों से आयात करते थे लेकिन अब हम अपने ही देश में निर्मित फोर्ज्ड व्हीलों का उपयोग कर रहें हैं। इससे हमारी विदेशों पर निर्भरता घट रही है और स्वदेशी निर्माण तथा तकनीक बढ़ रही है।

महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए फोर्ज्ड व्हील प्लांट टीम को बधाई दी।

02/9/2025

(आर एन तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी